A06
14/9/12

खण्ड : 12 संख्या : 4, 5, 6

# नवम् बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(द्वादश् सत्र)

(भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

सत्यमेव जयते

मंगलवार, दिनांक : 4 जुलाई 1989 ई०

बुधवार, दिनांक : 5 जुलाई 1989 ई०

वृहस्पतिवार, दिनांक : 6 जुलाई 1989 ई०

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के राजपुर अंचल के ग्राम बहुआर स्थिति विद्यालय भवन का निर्माण वर्ष 1983-84 में करने के लिए राशि का आवंटन किया गया था

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1983-84 में विद्यालय भवन की नींव बनाकर छोड़ दी गई और अभीतक विद्यालय भवन का निर्माण नहीं हो पाया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार निर्माण नहीं किए जाने के लिए जिम्मेवार पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए शीघ्र विद्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती हैं?

**प्रभारी मंत्री, शिक्षा विभाग :** (1) उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है।

(2) उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है।

(3) प्रश्नाधीन विद्यालय के अधूरे कार्य को पूरा करने हेतु निदेश कार्यपालक अभियंता, शिक्षा विभाग को दे दिया गया है तथा दोषी व्यक्ति के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई करने का आदेश भी निदेशक (प्रा० शि०) को दे दिया गया है।

---

## आहर निर्माण का विचार

**ट-31. श्री रामनारायण राम :** क्या मंत्री, लघु सिंचाई एवं कृषि विशेष कार्यक्रम विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के राजपुर प्रखंड के इटाका, टंकारपुर तथा सोना गांव में आहर निर्माण के

लिए संवेदकों को सोन कमाण्ड अभिकरण से रुपया भुगतान 1986-87 में किया गया है,

(2) क्या यह बात सही है कि अभी तक उक्त आहर का निर्माण नहीं हो पाया हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार आहर निर्माण कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों?

**प्रभारी मंत्री, लघु सिंचाई एवं कृषि विशेष कार्यक्रम :** (1) उत्तर अस्वीकारात्मक है। सोन कमाण्ड अभिकरण द्वारा आहर निर्माण नहीं किया जाता है।

(2) उत्तर अस्वीकारात्मक है।

(3) प्रश्न नहीं उठता ।

---

## मौजा की जमीन सिलींग ऐक्ट में लेने का इरादा

**रा-14. श्री राम नाथ यादव :** क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि श्री बैजनाथ प्रसाद वुवना, गोविन्द प्रसादी वुवना, किशोर प्रसाद बुवना, मदन लाल प्रसाद वुवना, केदार नाथ वुवना, मोती लाल वुवना पिता हजारी मल वुवना, ग्राम सोनाली एवं सालमारी, थाना कदवा एवं आजमनगर, जिला कटिहार के नाम से मौज बेनी जलालपुर, मौजा बथान खेती मोजा मलिकपुर, भौजा गोबिन्दुपर, मौजा बठौरा, मौजा इराची बठौरा, मौजा कमालपुर,